माननीय शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

लोक शिक्षण संचालनालय

मध्यप्रदेश

शैक्षणिक कैलेण्डर 2018-19

अप्रैल 2018

माननीय डॉ. कुँवर विजय शाह
मंत्री स्कूल शिक्षा, म.प्र. शासन

माननीय दीपक जोशी
राज्यमंत्री, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास (स्वतंत्र प्रभार) स्कूल शिक्षा, म.प्र. शासन

रविवार Sunday	सोमवार Monday	मंगलवार Tuesday	बुधवार Wednesday	गुरुवार Thursday	शुक्रवार Friday	शनिवार Saturday
1 • ईस्टर	**2** •शिक्षा सत्र प्रारम्भ, प्रवेशोत्सव, स्कूल चलें हम अभियान (2 से 15 अप्रैल) के अंतर्गत प्रथम प्रवेश। [illegible] •सत्र 2018-19 हेतु प्राचार्य द्वारा स्टाफ की बैठक। •कैलेण्डर में दी गई समय की [illegible] गतिविधियाँ प्रारम्भ •विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य, कला संकाय में प्रावधिक प्रवेश। [illegible] •कैलेण्डर एवं सीसीई क्रियान्वयन सम्बन्धी [illegible] शिक्षकों का प्रशिक्षण (दिनांक 2 अप्रैल से 27 अप्रैल)	**3** •शाला में शिक्षकों की उपलब्धता अनुसार समय सारणी बनाई जाकर विद्यार्थियों से गतवर्ष के पाठ्यक्रम का पुनः स्मरण, वार्षिक परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों का विश्लेषण एवं प्रोजेक्ट कार्य प्रारम्भ करना। (3 अप्रैल से 28 अप्रैल)	**4** •विकासखण्ड स्तर पर फाउंडेशन माड्यूल / ब्रिज कोर्स के लिए विषयवार से शिक्षकों का प्रशिक्षण (दिनांक 4 से 7 अप्रैल)	**5** •गुरु तेग बहादुर जयंती	**6** • एस.एम.डी.सी./एस.एम.सी. द्वारा ग्राम/बस्ती में जनजागृति अभियान चलाकर प्राथमिक शालाओं में बच्चों की नियमित उपस्थिति हेतु प्रेरित करना	**7** •गुरु अर्जुन देव जयंती •विश्व स्वास्थ्य एवं अंधत्व निवारण दिवस •राष्ट्रीय योजनान्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन •पी.टी.ए., एस.एम.डी.सी. बैंक बुक का मिलान एवं सत्यापन
8	**9** •संस्था प्रधान द्वारा ग्रीष्मावकाश में किये जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता तय करना। •बालसभा की विभिन्न प्रतियोगिता सम्बन्धी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।	**10** •नवीन प्रवेशित छात्रों से नियमित जानकारी प्राप्त कार्यप्रोफाइल बनाई जावे। •स्काउट/गाईड निधि का भौतिक सत्यापन एवं अंकेक्षण मिलान। •कला उत्सव की विभिन्न प्रतियोगिता सम्बन्धी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।	**11** •महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर प्रार्थना सभा में इनके सेवा कार्यों की जानकारी दी जावे। • बाल संसद / बाल पुलिस / बाल अदालत प्रतियोगिता सम्बन्धी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन	**12** • प्राचार्य द्वारा विविधीय स्टाफ के साथ स्थानीय एजेण्डा पर बैठक •विद्यार्थियों में पुस्तकालय के उपयोग के प्रति अभिरुचि जागृत करने हेतु पुस्तक सप्ताह का आयोजन दिनांक 12 से 19 अप्रैल तक* •पुस्तकालय निधि एवं पुस्तकों का भौतिक सत्यापन एवं अंकेक्षण मिलान।	**13** • जलियांवाला बाग दिवस की स्मृति में प्रार्थना सभा में घटना की जानकारी दी जावे। • क्रीड़ा निधि का मिलान एवं भौतिक सत्यापन। •छात्र निधि कोष का मिलान एवं सत्यापन। •कालिदास उत्सव की विभिन्न प्रतियोगिता सम्बन्धी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।	**14** • डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती • बैसाखी
15 •विशु, बंगला सन् 1425 प्रारम्भ	**16** •प्रार्थना सभा में डॉ. [illegible] के जीवन [illegible] संविधान निर्माण में डॉ. अम्बेडकर के योगदान की जानकारी दी जावे। •समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों द्वारा शिक्षा पोर्टल पर मैपिंग एवं प्रोफाइल अपडेशन का कार्य प्रारम्भ करना। •नव प्रवेशित विद्यार्थियों का [illegible] सत्यापन हेतु [illegible] कार्यक्रम। •विद्यालय में प्रवेशित [illegible] विद्यार्थियों की प्रावधिक संख्या के आधार पर शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं हेतु [illegible] प्रस्ताव भेजना।	**17** • गुरु अंगददेव जयंती • शिक्षकों द्वारा अध्यापन हेतु लेसन प्लान, ब्रिज कोर्स एवं विशेष कक्षाओं की तैयारी। • कक्षा नौवीं के नव प्रवेशित छात्रों के लिए प्री टेस्ट का आयोजन (17 एवं 19 अप्रैल 2018) • विद्यार्थियों के लिए बालसभा अंतर्गत निबंध लेखन की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन •छात्र परिषद का गठन।	**18** •परशुराम जयंती / अक्षय तृतीया	**19** • PTA/SMDC की स्थानीय एजेण्डा पर बैठक। •बाल सभा के अंतर्गत चार सदनों का निर्माण। •विद्यार्थियों के लिए बालसभा अंतर्गत भाषण/पेपर प्रेजेंटेशन की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।	**20** • प्राचार्य द्वारा स्थानीय बैंक बुक लेजर एवं स्टॉक पंजी का अवलोकन एवं भौतिक सत्यापन। • सूरदास जयंती/आदिशंकराचार्य जयंती पर प्रार्थना सभा में जानकारी देना। •विद्यार्थियों के लिए बाल सभा अंतर्गत प्रश्नोत्तरी की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन। • प्री टेस्ट का मूल्यांकन। •उत्तम विद्यार्थी कार्यक्रम के अंतर्गत आन्तरिक मूल्यांकन	**21** •[illegible] •उत्तम विद्यार्थी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय का बाह्य मूल्यांकन (21.04.2018 से 24.04.2018 जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा [illegible]) •विद्यार्थियों के लिए बाल सभा अंतर्गत [illegible] की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन •[illegible] 21 से 28 अप्रैल [illegible]
22 • विश्व वसुन्धरा दिवस	**23** •ग्रीष्मावकाश में विद्यालय की आवश्यकतानुसार सुधार जैसे बाउंड्री, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, [illegible] की व्यवस्था, [illegible] कार्यों की कार्ययोजना बनाई जाय। •विद्यालय का बाह्य मूल्यांकन •भाषा के शिक्षकों द्वारा विषयवार पाठ्यक्रम विभाजन शिक्षक डायरी में अंकित कर प्राचार्य के साथ शैक्षिक संवाद। •प्रयोगशाला निधि एवं उपकरणों का भौतिक सत्यापन एवं अंकेक्षण मिलान।	**24** •विद्यालय का बाह्य मूल्यांकन •योगासन प्रतियोगिता सम्बन्धी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन •प्राचार्य द्वारा कार्यालय का निरीक्षण कर पंजी में टीप दर्ज करना। •विज्ञान एवं गणित के शिक्षकों द्वारा विषयवार पाठ्यक्रम विभाजन शिक्षक डायरी में अंकित कर प्राचार्य के साथ शैक्षिक संवाद।	**25** • विश्व मलेरिया दिवस पर विद्यार्थियों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जावे। •वाणिज्य के शिक्षकों द्वारा विषयवार पाठ्यक्रम विभाजन शिक्षक डायरी में अंकित कर प्राचार्य के साथ शैक्षिक संवाद।	**26** •अध्यापन अध्ययन हेतु अध्ययन कक्षों, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदानों आदि को व्यवस्थित करना। •समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों का शिक्षा पोर्टल पर मूल्यांकन (ग्रेडिंग) एवं प्रोफाइल अपडेशन कार्य पूर्ण करना। • संकुल / जनशिक्षा केन्द्र स्तर की स्थानीय एजेण्डा पर बैठक। •कला के शिक्षकों द्वारा विषयवार पाठ्यक्रम विभाजन शिक्षक डायरी में अंकित कर प्राचार्यों के साथ शैक्षिक संवाद।	**27** •पोर्टल पर छात्र सम्बन्धी मूलभूत जानकारियों को अपडेट करना। [illegible] के अंतर्गत [illegible] तथा अन्य विभागीय प्रशिक्षण की जानकारी संधारित [illegible] • शिक्षक [illegible] •शेष विषय/संकाय के शिक्षकों द्वारा विषयवार पाठ्यक्रम विभाजन शिक्षक डायरी में अंकित कर प्राचार्य के साथ शैक्षिक संवाद।	**28** •विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश हेतु पाठ्यक्रम के लिए अनुसार विषयवार प्रोजेक्ट (Project) का प्रदाय •उत्तम विद्यार्थी कार्यक्रम के अंतर्गत लिए गए आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन के आधार पर प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा पीटीए / एसएमडीसी के सदस्यों के [illegible] प्रस्ताव [illegible] योजना का निर्माण।
29	**30** • बुद्ध पूर्णिमा	*पुस्तक सप्ताह का आयोजन 12 से 19 अप्रैल विद्यालय में उपलब्ध समस्त पुस्तकों का प्रदर्शन किया जाए और निम्नानुसार गतिविधियाँ भी कराई जाएं। 1. बाल सभा में आयोजित कार्यक्रमों में प्रेरक सामग्री जैसे महापुरुषों की जीवनी, [illegible] सम्बन्धी निबंध, कविताएं, पहेलियां, विज्ञान, इतिहास, सामान्य ज्ञान एवं किस्से आदि हेतु पुस्तकालय से पुस्तक प्राप्त करने हेतु प्रेरित करें। 2. विद्यार्थियों को अपनी रुचि से कुछ रोचक पुस्तकें देकर बारी-बारी से विभिन्न छात्रों द्वारा उनका वाचन करवाया जाय और आवश्यक प्रश्न पूछे जावें। 3. विद्यार्थियों के द्वारा पुस्तकें निर्धारित कर पढ़ने को कहें तत्पश्चात् उनसे पूछें कि किताब में कौन सी जानकारी या भाग रोचक लगा और क्यों? चर्चा करें?				

शैक्षणिक सत्र 2018-19 के प्रारम्भ की गतिविधियाँ :-

1. मार्च 2018 में कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर क्रमशः कक्षा 9वीं, 10वीं एवं कक्षा 12वीं में नियमित प्रवेश तथा कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम के आधार पर विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में नवीन पाठ्यक्रम का परिचय देकर [illegible] संकाय में प्रोविजनल प्रवेश दिया जाएगा। नियमित एवं प्रोविजनल प्रवेश सम्बन्धी सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावे इसके पूर्व ही विद्यार्थियों को नवीन प्रवेशित प्रक्रिया हेतु अवगत करा दिया जावे। स्कूल चलें हम अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्राचार्य द्वारा 2 अप्रैल 2018 को अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों/एसएमडीसी सदस्यों एवं पीटीए के साथ बैठक का आयोजन किया जाकर उन्हें नवीन प्रवेश प्रक्रिया एवं विद्यार्थियों को अप्रैल माह से ही नियमित कक्षाओं में आने हेतु चर्चा की जाय।
2. उपरोक्त कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 2 से 15 अप्रैल 2018 के मध्य सम्पन्न की जाएगी।
3. कोई परीक्षा मूल्यांकन कार्य में संलग्न शिक्षकों को छोड़कर शेष शिक्षकों के लिए अप्रैल माह में आयोजित की जा रही शैक्षिक, सहशैक्षिक एवं सहपाठ्यक्रम कार्यकलाप की [illegible] करना।
4. कैलेण्डर में अप्रैल माह हेतु दिए गए दिवसानुसार शैक्षिक, सहशैक्षिक एवं सहपाठ्यक्रम कार्यकलाप की गतिविधियाँ 2 अप्रैल 2018 से 28 अप्रैल 2018 तक सम्पादित कराई जावें।
5. विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ ही पाठ्यपुस्तक निगम से उपलब्धता के आधार पर विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जावें।
6. दिनांक 15 अप्रैल 2018 के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश न दिया जाय।
7. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अप्रैल माह में नियमित विद्यार्थियों का कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 12वीं का शिक्षा पोर्टल पर मैपिंग एवं प्रोफाइल अपडेशन / परीक्षा परिणाम का अपलोडिंग 16 अप्रैल से प्रारम्भ किया जाकर 26 अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जावे एवं कक्षा 11वीं हेतु बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी होने के एक दिवस के अन्दर किया जाएगा।
8. विद्यार्थियों से स्थानीय शुल्क परीक्षा परिणाम आने के उपरान्त उनके प्रावधिक प्रवेश के नियमित हो जाने के उपरांत ही लिया जावे।
9. विद्यालय द्वारा विविध खेलों के आयोजन की रूपरेखा बनाई जाकर प्रत्येक कक्षा के लिए प्रत्येक सप्ताह में न्यूनतम दो कालखण्ड अप्रैल माह से ही प्रारम्भ किए जावें। अप्रैल माह में पीटीए एवं एसएमडीसी का गठन कर समिति के सदस्यों को उद्देश्यों एवं नियमावली की जानकारी दी जावे।
10. कैलेण्डर में अप्रैल माह में दिए दिवसानुसार सहशैक्षिक क्षेत्र एवं सह पाठ्यक्रम कार्यकलाप के आयोजन की गतिविधियों से परिचित कराने हेतु कार्यशालाएं आयोजित की जावें।
11. प्रवेश की कार्यवाही 15 अप्रैल तक पूर्ण कर ली जाने से विभिन्न योजनाओं की पात्र विद्यार्थियों की प्रावधिक संख्या प्राप्त हो जाएगी। इस संख्या के आधार पर विद्यार्थियों के ग्रीष्मावकाश के दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जाकर विद्यार्थियों के शाला में प्रवेश उपरान्त अधिकतम 15 जून से 30 जून तक उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे कि निःशुल्क गणवेश, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, साइकिल आदि का लाभ दिया जाय तथा 70 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर वर्तमान में स्वीकृत की जाने वाली छात्रवृत्ति हेतु भी छात्र उपस्थिति हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।
12. विद्यार्थियों को गत वर्ष के पाठ्यक्रम का रिवीजन एवं गत परीक्षा के मासिक टेस्ट, तिमाही, छःमाही व वार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करना।
13. शैक्षणिक कैलेण्डर के आधार पर प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा वर्षभर के लिए मासिक कार्ययोजना का निर्माण एवं समस्त शिक्षकों द्वारा उसे अपनी शिक्षक डायरी में नोट करना।
14. कक्षा 9वीं के नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं के अन्य विषयों के रिवीजन के साथ गणित और अंग्रेजी की कक्षाएं निर्धारित फाउंडेशन माड्यूल के आधार पर लगाई जाय।
15. अप्रैल माह में ही स्काउट/गाइड, एन.सी.सी., एन.एस.एस., ईको क्लब, रेडक्रास, सांस्कृतिक क्लब, स्पोर्ट्स क्लब एवं विज्ञान क्लब का पंजीयन/गठन कर इन के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाय।

कुल शैक्षिक कार्य दिवस:- 22
शासकीय अवकाश:- 14- डॉ. अम्बेडकर जयंती/बैसाखी, 18-परशुराम जयंती, 30- बुद्ध पूर्णिमा
ऐच्छिक अवकाश:- 11-महात्मा ज्योतिबाफुले जयंती, 12-वल्लभाचार्य जयंती, 13-सेन जयंती, 18-अक्षय तृतीया, 20-शंकराचार्य जयंती

- कैलेण्डर में वर्णित विभिन्न कार्यशाला, पेपर प्रजेंटेशन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन की चरणबद्ध प्रक्रिया फरवरी माह के पृष्ठ पर वर्णित है।